केन्द्रीय विद्यालय संगठन , सिलचर संभाग

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN SILCHAR REGION

सत्रांत परीक्षा -2025-26

SESSION ENDING EXAMINATION -2025-26

कक्षा-7/Class -7 | अधिकतम अंक/Maximum Marks -60

विषय Subject – सामाजिक विज्ञान /Social Science | समय/ Time -2hrs 30 min

सामान्य निर्देश

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढें एवं उनका पालन करें

1. इस प्रश्न पत्र में 29 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न पत्र छह खंडों में विभाजित है – खंड क , ख , ग , घ , ङ और च ।
3. खंड क – प्रश्न संख्या 1 से 15 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
4. खंड ख – प्रश्न संख्या 16 से 19 अति लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।
5. खंड ग – प्रश्न संख्या 20 से 22 लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. खंड घ – प्रश्न संख्या 23 से 25 विस्तृत प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
7. खंड ङ – प्रश्न संख्या 26 से 28 केस आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।
8. खंड च - प्रश्न संख्या 29 मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न है, इस प्रश्न के कुल 4 अंक हैं।

General Instructions

Please read the following instructions carefully and follow them:

1. This question paper contains 29 questions. All questions are compulsory.
2. The question paper is divided into six sections – Sections A, B, C, D, E, and F.
3. Section A: Question numbers 1 to 15 are Multiple Choice Questions (MCQs). Each question carries 1 mark.
4. Section B: Question numbers 16 to 19 are Very Short Answer type questions. Each question carries 2 marks. Answers to these questions should not exceed 30 words.
5. Section C: Question numbers 20 to 22 are Short Answer type questions. Each question carries 3 marks. Answers to these questions should not exceed 50 words.
6. Section D: Question numbers 23 to 25 are Long Answer type questions. Each question carries 5 marks. Answers to these questions should not exceed 120 words.
7. Section E: Question numbers 26 to 28 are Case-Based questions. Each question carries 3 marks.
8. Section F: Question number 29 is a Map Skill-based question. This question carries a total of 4 marks.

## खंड क SECTION – A

## बहुविकल्पीय प्रश्न (15 × 1 = 15) MULTIPLE CHOICE QUESTIONS (15 × 1 = 15)

1. पंजाब का एक किसान गेहूँ की खेती के लिए शीतकालीन वर्षा पर निर्भर करता है। यह वर्षा किसके कारण होती है?
A farmer in Punjab depends on winter rainfall for wheat cultivation. This rainfall is caused by:

A. दक्षिण-पश्चिम मानसून /South-West monsoon
B. लौटता हुआ मानसून/ Retreating monsoon
C. पश्चिमी विक्षोभ/ Western disturbances
D. चक्रवाती तूफान/ Cyclonic storms

**2.** शिमला जैसे पर्वतीय स्थल गर्मियों में भी ठंडे क्यों रहते हैं?
Why do hill stations like Shimla remain cooler even in summer?

A. वे रेगिस्तानों के पास होते हैं / They are closer to deserts
B. वे अधिक ऊँचाई पर स्थित होते हैं/ They have high altitude
C. वे भूमध्य रेखा के पास होते हैं/ They are near the equator
D. वहाँ वर्षा नहीं होती/ They have no rainfall

3. एक राजा ने वेतन देने के बजाय ब्राह्मणों और अधिकारियों को भूमि अनुदान देना शुरू कर दिया। यह प्रथा किस बात का संकेत देती है?
A king started giving land grants to Brahmanas and officials instead of paying salaries. This practice suggests:

A. लोकतंत्र का विकास/ Growth of democracy
B. कृषि का पतन/ Decline of agriculture
C. सामंती व्यवस्था का उदय/ Rise of feudal system
D. राजा की शक्ति का पतन/ Decline of power of the king

**4.** चित्र को ध्यान से देखें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।
Observe the picture and answer the question below.



यह मूर्ति (बोधिसत्व का सिर) की  किस कला और संस्कृति को दर्शाती है?
Which art and culture does this sculpture (head of a bodhisattva)  reflect?

A. गुप्त और चीनी शैली का मिश्रण/ Fusion of Gupta and Chinese Style

B. मिस्री और मेसोपोटामियाई शैली का मिश्रण/ Fusion of Egyptian and Mesopotamian style

C. यूनानी और दक्षिण भारतीय शैली का मिश्रण/ Fusion of Greece and South Indian Style

D. ग्रीको-रोमन और भारतीय शैली का मिश्रण/ Fusion of Greco-Roman and Indian Style

5.

| स्तंभ A (उपलब्धि) | स्तंभ B (क्षेत्र) |
|---|---|
| **Column A (Achievement)** | **Column B (Field)** |
| 1. अजंता चित्रकला/ Ajanta paintings | A. धातु विज्ञान/ Metallurgy |
| 2. दशमलव प्रणाली/ Decimal system | B. भित्ति चित्रकला/ Mural Art |
| 3. लौह स्तंभ / Iron Pillar | C. गणित/ Mathematics |
| 4. मेघदूतम्/ Meghadutam | D. संस्कृत साहित्य / Sanskrit literature |

Match the Gupta achievements with the correct field / गुप्तकालीन उपलब्धियों को सही क्षेत्र से मिलाइए

Options:

A) 1 – B, 2-C, 3-D, 4-A.

B) 1– C, 2-A, 3-A, 4-D

C) 1 – A, 2- B, 3-C, 4-D

D) 1- B, 2- C, 3- A, 4 – D

6. Identify the Gupta ruler known for performing Ashvamedha Yajna. /अश्वमेध यज्ञ करने वाले गुप्त शासक की पहचान कीजिए।

A. समुद्रगुप्त/ Samudragupta

B. पुष्यमित्र शुंग/ Pushyamitra Sunga

C. अशोक/ Ashoka

D. सातकर्णी-I/ Satakarni-I

7. प्रभावती गुप्ता की उनके दरबार में ली गई तस्वीर को देखिए।।Look at the picture of Prabhāvatī Gupta in her court.



प्रभावती गुप्ता का दरबार में केंद्रीय स्थान पर बैठना किस बात का संकेत देता है?

Prabhāvatī Gupta being seated as the central figure in court indicates:

A. महिलाओं के पास कभी सत्ता नहीं थी।/ Women never held power.

B. गुप्त काल में महिलाएँ शासक या संरक्षिका बन सकती थीं।/ Women could act as rulers or regents in Gupta times.

C. केवल पुजारी ही राज्यों पर शासन करते थे।/ Only priests ruled kingdoms.

D. लोग बिना शासकों के रहते थे।/ People lived without rulers.

8. सांची का महान स्तूप कहाँ स्थित है? / The Great Stupa at Sanchi is located in:

A. बिहार/ Bihar

B. मध्य प्रदेश/ Madhya Pradesh

C. राजस्थान/ Rajasthan

D. तमिलनाडु/ Tamil Nadu

9. पवित्र भूगोल की अवधारणा बताती है कि भारत के पवित्र स्थल:/ The concept of sacred geography suggests that sacred places in India are:

A. केवल एक ही क्षेत्र में पाए जाते हैं।/ Only found in one region

B. पूरे भारत में फैले हुए हैं और आपस में जुड़े हुए भी हैं।/ Spread across India but also interconnected

C. केवल शहरों में स्थित हैं।/ Only located in cities

D. केवल हिमालय तक सीमित हैं।/ Limited to the Himalayas

10. रिया कहती है, "संविधान महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नागरिकों को अनुचित व्यवहार से बचाता है।" वह संविधान की किस विशेषता की ओर संकेत कर रही है? Riya says, "The Constitution is important because it protects citizens from unfair treatment." Which feature of the Constitution is she referring to?

A. शक्तियों का विभाजन/ Separation of powers

B. मौलिक अधिकार/ Fundamental Rights

C. संसदीय प्रणाली/ Parliamentary system

D. संघवाद/ Federalism

11. कौन-से कथन सही हैं? / Which statements are correct?

i) विधायिका कानून बनाती है।/ The legislature makes the laws

ii) कानून को कार्यपालिका लागू करती है, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री करते हैं।/ The law is implemented by the executive, which is headed by the prime minister. /

iii) न्यायपालिका किसी कानून को असंवैधानिक घोषित कर सकती है।/ The Judiciary can declare a law unconstitutional.

A. केवल i और ii/ Only i and ii

B. केवल ii और iii/ Only ii and iii

C. केवल i और iii/ Only i and iii

D. i, ii और iii सभी/ All i, ii and iii

12. वस्तु विनिमय की सबसे बड़ी कठिनाई तब होती है जब दोनों लोगों को एक-दूसरे की वस्तुएँ चाहिए होती हैं। इस समस्या को क्या कहते हैं?
The biggest difficulty in barter is when both people must want each other's goods. This problem is called:

A. टिकाऊपन/ Durability

B. वहनशीलता/ Portability

C. इच्छाओं का दोहरा संयोग/ Double coincidence of wants

D. मूल्यवर्ग/ Denomination

13. प्रारंभिक वस्तु विनिमय प्रणाली में वस्तु मुद्रा के रूप में निम्न में से किसका उपयोग किया जाता था? / Which of the following was used as commodity money in early barter systems?

A. QR कोड/ QR code

B. कौड़ी के खोल/ Cowrie shells

C. प्लास्टिक कार्ड/ Plastic cards

D. कागजी नोट/ Paper notes

14. निम्न में से कौन बाजारों की श्रृंखला है? / Which of the following is a chain of markets?

A. किसान → उपभोक्ता (हमेशा सीधे)/ Farmer → Consumer directly always

B. उत्पादक → थोक व्यापारी → खुदरा व्यापारी → उपभोक्ता/ Producer → Wholesaler → Retailer → Consumer

C. उपभोक्ता → उत्पादक → खुदरा व्यापारी → थोक व्यापारी/ Consumer → Producer → Retailer → Wholesaler

D. उत्पादक → खुदरा व्यापारी → कारखाना → उपभोक्ता/ Producer → Retailer → Factory → Consumer /

15. रोहन एक साप्ताहिक बाजार जाता है जहाँ कई विक्रेता सस्ती कीमत पर सब्जियाँ बेचते हैं। साप्ताहिक बाजारों में कीमतें आमतौर पर कम क्यों होती हैं?
Rohan goes to a weekly market where many sellers sell vegetables at cheaper prices. Why are prices usually lower in weekly markets?

A. विक्रेता केवल ब्रांडेड वस्तुएँ बेचते हैं।/ Sellers sell only branded goods /

B. विक्रेताओं के बीच अधिक प्रतिस्पर्धा होती है।/ There is more competition among sellers

C. सरकार कीमतें तय करती है।/ Government fixes the prices

D. दुकानें विलासिता की वस्तुएँ देती हैं।/ Shops provide luxury items

## खंड ख SECTION – B

## VERY SHORT ANSWER QUESTIONS (4 × 2 = 8) अति लघु उत्तरीय प्रश्न (4 × 2 = 8)

16. अधिक इमारतों और कम वनस्पति वाला शहर पास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक गर्म हो जाता है। इस घटना को क्या कहते हैं और यह क्यों होती है?
A city with many buildings and little vegetation becomes warmer than nearby rural areas. What is this phenomenon called and why does it occur?

17. गुप्त काल को भारत का "शास्त्रीय युग" क्यों कहा जाता है?
Why is the Gupta period called the "Classical Age" of India?

18. भारतीय संविधान द्वारा अपनाए गए 'स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व' के आदर्श किस देश के संविधान से लिए गए हैं? 'न्याय' शब्द का क्या अर्थ है?
The ideals of 'Liberty, Equality, and Fraternity' adopted by the Indian Constitution were borrowed from which country's Constitution? What does the word 'Justice' mean?

19. खरीदार और विक्रेता आपसी सहमति से उचित मूल्य तय करने के लिए बातचीत करते हैं। बाजारों में मोलभाव क्यों महत्वपूर्ण है? दो कारण बताइए।
The buyer and seller negotiate to reach a mutually acceptable price. Why is bargaining important in markets? Give two reasons.

## खंड – ग /SECTION – C

## लघु उत्तरीय प्रश्न (4 × 3 = 12) SHORT ANSWER QUESTIONS (4 × 3 = 12)

20. मौर्योत्तर काल में भारत में उत्पन्न 'नए' राज्य अपने साम्राज्य का विस्तार करना चाहते थे और क्षेत्रीय नियंत्रण के लिए प्रतिस्पर्धा करते थे। इस काल में शासकों ने अपनी शक्ति बढ़ाने और राज्य विस्तार के लिए कौन-से तीन तरीके अपनाए?
The 'new' kingdoms which originated in India during the Post Maurya Era wanted to expand their kingdom and competed for territorial control. Mention three methods rulers used during this period to increase their power and expand the Kingdom.

21. मौलिक अधिकार क्या हैं? भारतीय संविधान द्वारा दिए गए किसी तीन मौलिक अधिकारों का उल्लेख कीजिए।

What are Fundamental Rights? Mention any three Fundamental Rights given by the Indian Constitution.

22. 'व्यापार को आसान बनाने के लिए मुद्रा की शुरुआत की गई।' तीन तरीकों से समझाइए कि मुद्रा वस्तु विनिमय प्रणाली से बेहतर क्यों है।

'Money was introduced to make trade easier.' Explain three ways in which money is better than the barter system.

**खंड – घ /SECTION-D**

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (3 × 5 = 15) LONG ANSWER QUESTIONS (3 × 5 = 15)**

23. मौसम और जलवायु में क्या अंतर है? समान अक्षांश पर स्थित होने के बावजूद मुंबई में नागपुर की तुलना में तापमान कम चरम क्यों होता है? तीन बिंदुओं में समझाइए। (2+3)

अथवा

भारत के कुछ क्षेत्रों में अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक वर्षा क्यों होती है?(5)

What is the difference between weather and climate? Although located at a similar latitude why Mumbai experiences less extreme temperatures than Nagpur. Explain in three points. (2+3)

OR

Why do some regions in India experience more rainfall than others?(5)

24. लोग 'तीर्थ' या अन्य पवित्र स्थलों की यात्रा क्यों करते हैं? गंगा जैसी नदियों को पवित्र क्यों माना जाता है? तीन कारण बताइए। (2+3)

अथवा

पवित्र नदियाँ और वृक्ष भारत के प्रकृति के साथ गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध के उदाहरण कैसे हैं?(2+3)

Why do people visit a 'tirtha' or other sacred sites? Describe three reasons why rivers like the Ganga are considered sacred. (2+3)

OR

How are sacred rivers and trees examples of India's deep cultural and spiritual bond with nature?(2+3)

25.आज लोग दुकानों से और ऑनलाइन ऐप्स के माध्यम से भी सामान खरीदते हैं। ऑनलाइन बाजार क्या है? भौतिक और ऑनलाइन बाजारों में दो अंतर बताइए। उपभोक्ताओं के लिए ऑनलाइन खरीदारी के दो लाभ लिखिए।(1+2+2)

अथवा

सूरत के वस्त्र बाज़ार में आपूर्ति श्रृंखला का वर्णन कीजिए।(5)

Today people buy goods both from shops and through online apps. What is an online market? Mention two differences between physical and online markets. Write two advantages of online shopping for consumers. (1+2+2)

OR

Describe the supply chain in the Surat textile market.(5)

## खंड – ङ / SECTION -E

## केस आधारित प्रश्न (2 × 3 = 6) CASE BASED QUESTIONS (2 × 3 = 6)

**26.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

सातवाहनों के समय व्यापार और वाणिज्य फला-फूला प्रतीत होता है। सातवाहन शासकों द्वारा जारी किए गए सिक्के भारत के विभिन्न क्षेत्रों में पाए गए हैं, गुजरात से लेकर आंध्र प्रदेश तक — अर्थात् भारत के पश्चिमी और पूर्वी तटों पर। वास्तव में, कई सिक्कों पर जहाजों के चित्र अंकित हैं, जो यह दर्शाते हैं कि समुद्री व्यापार आर्थिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। सिक्के पर दर्शाए गए जहाज का प्रकार उन्नत जहाज निर्माण और नौवहन तकनीकों का संकेत देता है।

**Read the passage and answer the questions below:**
**Trade commerce appears to have flourished in the Satavahanas. Coins issued by the Satavahanas rulers have been found in various regions of India, from Gujarat to Andhra Pradesh — India’s western and eastern coasts. Indeed, many coins depicted ships, suggesting that maritime trade was an important part of economic life. The type of ship depicted on the coin above suggests advanced shipbuilding and navigation technologies.**

(Q-1) सातवाहन सिक्कों पर जहाज का प्रतीक क्या दर्शाता है? (1 अंक)/ What does the ship symbol on Satavahanas coins indicate? (1 mark)

A. सातवाहन मुख्य रूप से कृषि कार्यों में लगे थे।/ The Satavahanas were mainly involved in farming activities.
B. सातवाहनों का समुद्री व्यापार और विदेशी संपर्क मजबूत था।/ The Satavahanas had strong maritime trade and overseas connections.
C. सातवाहन जहाजों का उपयोग केवल युद्ध के लिए करते थे।/ The Satavahanas used ships only for military wars.
D. सातवाहन व्यापार में भाग नहीं लेते थे।/ The Satavahanas did not participate in trade.

(Q-2) सिक्के इतिहासकारों को किसी काल की आर्थिक गतिविधियाँ समझने में कैसे मदद करते हैं? (1 अंक)
How do coins help historians understand the economic activities of a period? (1 mark)
A. सिक्के केवल धार्मिक विश्वास बताते हैं। Coins tell historians only about religious beliefs of people.
B. सिक्के व्यापार, शासकों और मुद्रा के उपयोग के प्रमाण देते हैं। Coins provide evidence of trade, rulers, and the use of money in an economy.
C. सिक्के केवल जलवायु और मौसम के अध्ययन के लिए हैं।/ Coins are used only to study climate and weather conditions.
D. सिक्के केवल प्राचीन वस्त्रों के प्रकार दिखाते हैं।/ Coins show only the types of clothes worn in ancient times.

(Q-3) समुद्री व्यापार का राज्य के लिए एक लाभ बताइए। (1 अंक)/ Identify one benefit of maritime trade for a kingdom. (1 mark)
A. यह अन्य क्षेत्रों से संपर्क कम करता है।/ It reduces contact with other regions.
B. यह राज्य को धन कमाने और व्यापार संबंध बढ़ाने में मदद करता है।/ It helps the kingdom earn wealth and expand trade connections.
C. यह वस्तुओं और विचारों का आदान-प्रदान रोकता है।/ It stops the exchange of goods and ideas.
D. यह राज्य को केवल कृषि पर निर्भर बनाता है।/ It makes the kingdom dependent only on farming.

**27. निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

**भारतीय संविधान का निर्माण और लेखन संविधान सभा द्वारा लगभग तीन वर्षों की अवधि में किया गया। इसका गठन 9 दिसंबर 1946 को हुआ था। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष**

थे। यह कार्य **26** नवंबर **1949** को पूरा हुआ और संविधान को **26** जनवरी **1950** को अपनाया गया। संविधान का प्रारंभिक मसौदा डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की अध्यक्षता वाली प्रारूप समिति द्वारा तैयार किया गया था।

**Read the passage and answer the questions below:**

**The Indian Constitution was developed and written by the Constituent Assembly over a period of almost three years. It was formed on 9 December 1946. Dr. Rajendra Prasad was the Chairman of the Constituent Assembly. The work was completed on 26 November 1949, and the Constitution was adopted on 26 January 1950. The initial text of the Constitution was prepared by a Drafting Committee chaired by Dr. B.R. Ambedkar.**

(Q-1) 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस क्यों मनाया जाता है? (1 अंक)/ Why is 26 January celebrated as Republic Day? (1 mark)
(Q-2) संविधान सभा की मुख्य भूमिका क्या थी? (1 अंक)/ What was the main role of the Constituent Assembly? (1 mark)
(Q-3) प्रारूप समिति का कार्य क्या था? (1 अंक)/ What was the function of drafting committee? (1 mark)

**28. / निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए:/ Read the passage and answer the questions below:**

मुद्रा हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका उपयोग वस्तुओं और सेवाओं को आसानी से खरीदने और बेचने के लिए विनिमय के माध्यम के रूप में किया जाता है। वस्तु विनिमय प्रणाली के विपरीत, मुद्रा लोगों को बिना वस्तुओं के सीधे आदान-प्रदान की आवश्यकता के व्यापार करने में सहायता करती है। मुद्रा मूल्य के भंडार के रूप में भी कार्य करती है, क्योंकि इसे बचाकर रखा जा सकता है और भविष्य में उपयोग किया जा सकता है। यह एक सामान्य मूल्यवर्ग प्रदान करती है, जो विभिन्न उत्पादों की कीमतों की तुलना करने में मदद करता है। मुद्रा को स्थगित भुगतान के लिए भी स्वीकार किया जाता है, अर्थात भुगतान बाद में भी किया जा सकता है।

**Money plays an important role in our daily life. It is used as a medium of exchange to buy and sell goods and services easily. Unlike barter, money helps people trade without needing a direct exchange of goods. Money also acts as a store of value, because it can be saved and used in the future. It serves as a common denomination that helps in comparing the prices of different products. Money is also accepted for deferred payments, meaning payments can be made at a later time.**

(Q-1) मुद्रा को वस्तु विनिमय प्रणाली से बेहतर क्यों माना जाता है? दो कारण दीजिए। (2 अंक)/ Why is money considered better than the barter system? Give two reasons. (2 marks)

(Q-2) "सामान्य मूल्यवर्ग" क्या है? (1 अंक)/ What is "common denomination"? (1 mark)

## खंड च / SECTION -F

## मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न/MAP SKILL BASED QUESTIONS


29. दिए गए भारत के रूपरेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को चिन्हित कीजिए:/ On the given outline map of India, mark and label:

    A. दक्षिण-पश्चिम मानसून पवनों की दिशा दिखाइए।/ Show the direction of South-West Monsoon winds.

    B. बंगाल की खाड़ी का स्थान दर्शाइए।/ Location of Bay of Bengal.

    C. पांड्य राज्य की राजधानी दर्शाइए।/ Capital of Pandya kingdom.

    D. पाटलिपुत्र का स्थान दर्शाइए।/ Location of Pataliputra.




Published by Survey of India
Scale 1:16M